सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 109 | इंदौर, सोमवार 04 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## तीन लेन को होगा बड़ा गणपति फ्लाईओवर ब्रिज

- इंदौर की कंपनी को ही 18 महीने में ब्रिज बनाने का काम सौंपा
- मेट्रो प्रोजेक्ट की बाधा के कारण यह योजना अटक गई थी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बड़ा गणपति चौराहा पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा ठेका दे दिया गया है। प्राधिकरण ने इंदौर की कंपनी को ही 18 महीने में यह ब्रिज बनाने का काम सौंप दिया है।**

हाल ही में शहर में एक साथ चार फ्लाईओवर ब्रिज का लोकार्पण करने के साथ प्राधिकरण चर्चा में आ गया है। इसमें सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि प्राधिकरण के द्वारा इन चार में से दो फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया गया है जबकि दो फ्लाईओवर ब्रिज की एक-एक भुजा को यातायात के लिए शुरू कर दिया गया है। इन सभी फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण समय सीमा के अंदर शुरू करते हुए पूरा कराया गया है। प्राधिकरण ने इस काम को करने के बाद अब नए काम के रूप में शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बड़ा गणपति चौराहा पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने की दिशा में पहल कर दी है।

### इंदौर की कंपनी को सौंपा गया ब्रिज का काम

इस चौराहे पर फ्लाईओवर ब्रिज बनाने के लिए प्राधिकरण के द्वारा फीजिबिलिटी सर्वे कर उसकी रिपोर्ट का अध्ययन कर लिया गया । इस रिपोर्ट में इस स्थान पर ब्रिज का निर्माण उचित और उपयुक्त पाया गया है। इस आधार पर प्राधिकरण के द्वारा पिछले दिनों टेंडर जारी कर इस ब्रिज के निर्माण को आकार देने के लिए एजेंसी बुलाने का काम किया गया था। इसमें अच्छी प्रतिस्पर्धा के बीच में जब टेंडर खोले गए तो न्यूनतम दर देने के आधार पर आईसीसी कंस्ट्रक्शन कंपनी इंदौर को इस ब्रिज का काम सोपा गया है। संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम पर प्राधिकरण के द्वारा वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है। अब जल्द ही प्राधिकरण की ओर से इस ब्रिज का भूमि पूजन कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

### 18 महीने की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस ब्रिज के निर्माण में करीब 24 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इस ब्रिज के निर्माण कार्य को 18 महीने की अवधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह ब्रिज अंतिम चौराहे के पास से शुरू होगा और जिंसी चौराहा की तरफ समाप्त होगा। इस ब्रिज को तीन लेने का बनाया जाएगा।

### आसान नहीं रहा ब्रिज की मंजूरी का सफर

बड़ा गणपति चौराहा पर फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण को मंजूरी देने का सफर आसान नहीं रहा है। पहले इस स्थान पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की योजना तैयार की गई थी। फिर मेट्रो प्रोजेक्ट की बाधा के कारण यह योजना अटक गई थी। बाद में नई योजना बनाते हुए मेट्रो प्रोजेक्ट कंपनी से क्लीयरेंस प्राप्त कर फ्लाईओवर ब्रिज बनाने का फैसला लिया गया।

## एमपी में दो सिस्टम की एक्टिविटी

# ग्वालियर-चंबल में सर्दी बढ़ी, पचमढ़ी सबसे ठंडा

### इस महीने बादल और बूंदाबांदी के आसार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के कई शहरों में रात के तापमान में गिरावट आ गई है। हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा है। अक्टूबर के बाद नवंबर में भी यहां दिन-रात का टेम्प्रेचर सबसे कम है। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात यहां का पारा 12.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। इससे पहले टेम्प्रेचर 15 डिग्री से कम था। ग्वालियर-चंबल में भी रात में ठंड बढ़ गई है।**

नवंबर में मध्यप्रदेश में ठंड-गर्मी के साथ बारिश का ट्रेंड भी है, लेकिन इस बार इसकी संभावना कम है। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, नवंबर में सिस्टम की एक्टिविटी कम रहेगी। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से एक्टिव होने वाले साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर एरिया की वजह से कहीं-कहीं बादल या बूंदाबांदी जरूर हो सकती है। एमपी में नवंबर में औसत बारिश करीब आधा इंच ही है।

### मंडला-रीवा भी ठंडे

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात मंडला में 15 डिग्री सेल्सियस, रीवा में 15.6 डिग्री, उमरिया में 15.8 डिग्री, राजगढ़ में 16.4 डिग्री, नौगांव में 16.6 डिग्री, जबलपुर में 16.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

सतना में 17.1 डिग्री, मलाजखंड-बैतूल में 17.2 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.3 डिग्री, रायसेन में 17.4 डिग्री, भोपाल-ग्वालियर में 17.6 डिग्री, छिंदवाड़ा में 18 डिग्री, खरगोन में 18.2 डिग्री, उज्जैन में 18.4 डिग्री, इंदौर-गुना में 19.2 डिग्री, धार में 19.3 डिग्री, दमोह-खंडवा में 19.4 डिग्री, सिवनी-रतलाम में 19.6 डिग्री पारा रहा।

### 15 नवंबर से और बढ़ेगी सर्दी

मौसम विभाग के अनुसार, 15 नवंबर से ठंड का असर तेज होगा। पिछले 10 साल से यही ट्रेंड है। हालांकि, दिन में गर्मी का असर दूसरे सप्ताह तक बना रहेगा। इसके बाद पारा 30 डिग्री से नीचे पहुंच जाएगा। उत्तरी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट होगी।

### नवंबर में ऐसा रहता है मौसम

दक्षिण-पश्चिम मानसून के जाने के बाद मौसम सामान्य होता है, लेकिन आसमान बादलों से घिरा रहता है। अक्टूबर की तरह उमस महसूस नहीं होती है। रात के पारे में गिरावट आने लगती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से ग्वालियर, चंबल, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत कई संभागों में हल्की बारिश हो जाती है। दिन में पारा 30 डिग्री और रात में 15 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है।

### 5 बड़े शहरों में नवंबर का ट्रेंड

### भोपाल में गर्मी और सर्दी का ट्रेंड

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में दो बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में नवंबर महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

### इंदौर में दूसरे हफ्ते से गिरने लगता है पारा

इंदौर में ठंड का असर रहता है। खासकर दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से गिरता है। इस वजह से रातें ठंडी हो जाती हैं और टेम्प्रेचर 10 से 12 डिग्री के बीच रहता है। 25 नवंबर 1938 को पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। कभी-कभार बारिश भी हो जाती है। दिन में 31 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान रहता है।

### सबसे ज्यादा सर्द रहता है ग्वालियर

पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो ग्वालियर में पारा 6 डिग्री तक पहुंच चुका है। 54 साल पहले वर्ष 1970 में टेम्प्रेचर 3 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है। 2 नवंबर 2001 को दिन का तापमान 37.3 डिग्री तक पहुंच चुका है जबकि यह सामान्य तौर पर 33 से 35 डिग्री के बीच रहता है। इस महीने बारिश भी होती है। 1927 में पूरे महीने 3 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। 10 साल में 3 बार ऐसा ही मौसम रह चुका है।

### जबलपुर में 1946 में 6 इंच से ज्यादा बारिश

पिछले 10 साल में 2022 में न्यूनतम पारा 7.8 डिग्री तक जा चुका है। ओवरऑल रिकॉर्ड 12 नवंबर 1989 को दर्ज किया गया था, तब टेम्प्रेचर 3.9 डिग्री तक पहुंच गया था। 1946 में पूरे महीने 6 इंच से ज्यादा पानी गिरा था। 10 साल में दो बार बारिश हो चुकी है। दिन में 30 से 33 डिग्री के बीच तापमान रहता है।

दीपावली पर जोरदार खरीदी के बाद अब सब्जी मंडियों में आया उछाल ...

# हरी सब्जियों के रेट का ग्राफ बढ़ा... 80 से 140 रु. तक पहुंची...

- महीनेभर और राहत की उम्मीद नहीं
- ठंड शुरू होने के बाद सब्जियों की नई फसल की आवक बढ़ेगी
- उसके बाद ही दामों में राहत मिल सकती है।



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **हरी सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंचने लगे हैं। खुदरा बाजार यानी शहर की आम दुकानों-ठेलों पर हर तरह की हरी सब्जियां कम से कम 80 रुपये किलो और ऊपर में 120 से 140 रुपये प्रति किलो के दाम पर बिक रही हैं। कम से कम दो सप्ताह से यह स्थिति बनी हुई है। लोग मान रहे थे कि दीपावली के कारण सब्जियों की महंगाई बढ़ी है। हालांकि व्यापारी कह रहे हैं कि अभी कम से कम महीनेभर महंगाई से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।**

थोक कारोबारियों के अनुसार बीते दिनों हुई बारिश के कारण आसपास के क्षेत्रों की सब्जियां खराब हो गई थीं। अब जो सब्जियों की आवक नर्मदा नदी वाले क्षेत्रों से आ रही है। आवक सीमित है और शहर में मांग ज्यादा है। ऐसे में सब्जियों के दाम ऊंचे बने हुए हैं। ठंड शुरू होने के बाद सब्जियों की नई फसल की आवक बढ़ेगी। उसके बाद ही दामों में राहत मिल सकती है। इसमें भी कम से कम एक महीना और लग सकता है।

### शिमला मिर्च के दाम भी ज्यादा

सब्जी मंडी में शिमला मिर्च 100 रुपए किलो और फुटकर में 140 रुपए प्रति किलो तक मिल रही है। वहीं अदरक 60 रुपए और फुटकर में 100 से 140 रुपए प्रति किलो के भाव में है। जबकि हरी मिर्च का सब्जी मंडी में भाव थोक में 60 और फुटकर में 100 से 120 रुपए प्रति किलो है। मूली थोक में 60 और फुटकर में 80 से 100 रुपए प्रति किलो मिल रही है।

### थोक से दोगुना दाम बाजार में

उपभोक्ताओं के लिए सब्जियां महंगी होने का अहम कारण इस पर वसूला जा रहा तगड़ा मुनाफा है। थोक सब्जी मंडी में अभी दो सब्जियां सबसे महंगी हैं- मटर और सूरजना फली। इन दोनों के दाम थोक मंडी में 100 रुपये किलो से पार हैं। शेष सब्जियां जैसे गिलकी, ककड़ी, हरी मिर्च, भिंडी, टिंडा व अन्य सब्जियां 30 से 40 रुपये किलो के दाम पर बिक रही हैं, जबकि कद्दू, लौकी जैसी कुछ सब्जियां तो 10 से 15 रुपये किलो के दाम पर ही बिक रही रही हैं। हालांकि खेरची बाजार में इन्हें दो से तीन गुना दाम पर बेचा जा रहा है।

### आलू और हरी सब्जियों के दाम में भी इजाफा

आलू की कीमतें भी 40से 50 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच चुकी हैं। हरी सब्जियों जैसे पालक, लौकी, बैंगन के दाम भी पिछले महीने की तुलना में काफी बढ़े हैं। हरी सब्जियों की कीमतों में वृद्धि का कारण सीजनल फसलों की कमी और परिवहन लागत है। सब्जियों के मंहगे होने के कारण किचन का बजट हर महीने बढ़ता जा रहा है, जिससे परिवारों को दूसरी जरूरतों के लिए समझौता करना पड़ रहा है।

# 56 दुकान पर नुक्कड़ नाटक

## जानवरों की अदालत की प्रस्तुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर एनिमल लिबरेशन द्वारा 56 दुकान परिसर मे आयोजित नुक्कड़ नाटक जानवरों की अदालत, प्रस्तुत किया गया, जिसका उद्देश्य जानवरों पर हर तरफ से हो रहे अत्याचारों के बारे में आम नागरिक को बताना, और यह सलाह देना कि जानवरों को एक वस्तु, गाड़ी, मनोरंजन का विषय, दूध की मशीन, खाने की चीज, आदि न समझा जाए, जानवरों की खुद की एक चेतना होती है, जिसे अक्सर इंसान नजर अंदाज करते है।

नाटक में सभी प्रकार के पीड़ित जानवरों ने इंसानों के कुकर्मों पर केस कर दिया, जिसमें जंगल से बाघ ने बताया कैसे कंपनियां द्वारा विकास किया जा रहा है जंगलों को काट काट कर, खेती के लिए, खदानों के लिए, भोगने वाले जानवरों को पाल कर उनका पेट भरने के लिए। मुर्गी ने बताया कैसे पूरी दुनिया में हर साल 72 अरब से ज्यादा मुर्गियों को मारा जा रहा है। गाय और भैंस ने बताया कैसे हर साल लगातार कृत्रिम गभार्धान से उन्हें बच्चे पैदा करवाए जाते है, और बूढ़ा होने पर गौ मांस के लिए बेच दिया जाता है या कुछ को सड़क पर छोड़ दिया जात है। इसमें संस्था से सभी कलाकारों ने छोटी पर अहम भूमिका निभाई, सुरेश व्यास और दुर्गा बलानी के निर्देशन में सभी कलाकार। शांतनु जैन, निखिल व्यास, आकांक्षा व्यास, ट्विशा, मुस्कान, पर्व, हर्ष मेहता, दीपाली मेहता, नम्रता जैन, हर्ष वर्धन, सलोनी ने अपने अभिनय से उपस्थित जनता को प्रभावित किया, व ध्रुव, अजय, गुलशन जायसवाल, सिद्धार्थ दफारिया ने नुक्कड़ नाटक की शॉर्ट फिल्म की शूटिंग की जिसे एडिटिंग के बाद यूट्यूब के माध्यम से जनता को समर्पित की जायेगी

### श्री गुरु सिंह सभा के चुनाव अब 7 नवंबर को होंगे

**इंदौर।** श्री गुरु सिंह सभा के चुनाव अब 7 नवंबर को होंगे। 8 नवंबर को काउंटिंग होगी। पहले ये चुनाव 3 नवंबर को होने वाले थे, लेकिन दीपावली के कारण स्टाफ उपलब्ध नहीं होने से तारीख आगे बढ़ा दी गई है। इस संबंध में प्रशासन ने समाजजनों को शनिवार को बुलाया था। उनके साथ बैठक की। इसमें बताया गया कि चुनाव के लिए ट्रेंड स्टाफ की जरूरत होगी। फिलहाल दीपवाली की छुट्?टी के कारण स्टाफ की कमी है। ऐसे में 7 नवंबर की तारीख चुनाव के लिए तय की गई है। बता दें, इस संबंध में हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई गई थी। इसमें भी 3 नवंबर को चुनाव के डायरेक्शन दिए गए थे। वोटर लिस्ट को लेकर जो आपत्ति थी, उसमें ये निर्णय लिया गया है कि चुनाव अधिकारी जो लिस्ट देगा उसी के अनुसार चुनाव होंगे।

# हिंदू जागरण मंच ने बांग्लादेश के झंडे जलाए

### इंदौर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन, 18 हिंदुओं पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बांग्लादेश में भगवा झंडे फहराने पर धर्मगुरु समेत 18 हिंदुओं पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हुआ है। रविवार शाम इंदौर में हिंदू जागरण मंच इसके विरोध में उतर आया।**

मंच के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के सामने इकट्ठा हुए। यहां बांग्लादेश के झंडे जलाकर प्रदर्शन किया। शाम 5.30 बजे हिंदू जागरण मंच के कार्यकतार्ओं ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। वे में हेमू कालनी चौराहा तक आए। फिर बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मो. यूसुफ को जमकर कोसा। प्रदर्शनकारियों ने झंडे पर मो. यूसुफ के फोटो लगाए थे।

बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। 2000 के पहले वहां 20% हिंदू थे। अब 5-7% बचे हैं। हाल ही में बांग्लादेश में भगवा झंडे फहराने पर धर्मगुरु समेत 18 हिंदुओं पर देशद्रोह का केस दर्ज किया गया। बांग्लादेश हमेशा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संबंधों की बात करता है, लेकिन इस तरह केस दर्ज कर तानाशाही का रवैया अपनाता है।




एमपीपीएससी के इंटरव्यू आज से

## पहले आयुष विभाग फिर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी पद के होंगे इंटरव्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में अगले चार से पांच महीने तक विभिन्न परीक्षाओं के इंटरव्यू का सिलसिला चलेगा। यह दौर सोमवार से शुरू हो जाएगा। सोमवार-मंगलवार को आयुष विभाग के व्याख्याता के विभिन्न पदों पर इंटरव्यू होंगे, जबकि बुधवार को जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के छह पदों के लिए इंटरव्यू होने जा रहे हैं।**

वहीं 11 नवंबर से राज्य सेवा परीक्षा-2022 के इंटरव्यू शुरू होंगे, जो एक माह से ज्यादा समय तक चलेंगे। कुल 457 पदों के लिए 1550 से ज्यादा अभ्यर्थी इंटरव्यू देंगे। यह इंटरव्यू खत्म होते ही सप्ताह भर के भीतर सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के 826 पदों (आठ विषयों के) के इंटरव्यू शुरू हो जाएंगे। इसके रिजल्ट आ चुके हैं और दिसंबर जनवरी में इंटरव्यू प्रस्तावित हैं। तारीख जल्द ही घोषित हो जाएगी। यह इंटरव्यू दो माह चलने की संभावना है। यानी फरवरी की शुरूआत तक चल सकते हैं।

इसके तत्काल बाद राज्य सेवा परीक्षा-2023 (अगर कोर्ट से मामला सुलझा और रिजल्ट जारी हो गया तो) के इंटरव्यू शुरू हो जाएंगे। अगर कोर्ट में चल रहे मामले के कारण नवंबर अंत या दिसंबर में मुख्य परीक्षा का रिजल्ट ही जारी नहीं हो पाया तो सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा के पहले चरण के इंटरव्यू के तत्काल बाद राज्य सेवा परीक्षा-2024 के इंटरव्यू शुरू हो जाएंगे। पीएससी ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। कैलेंडर के अनुसार प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, लेकिन जिनमें तकनीकी या कोर्ट से जुड़े मामलों की बात है, उन्हें आगे बढ़ा दिया जाएगा।

# अपार उमंग और उत्साह से आयोजित हुआ मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का समारोह

## देश भक्ति और प्रदेश के विकास पर आधारित हुए रंगारंग कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राज्य शासन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आज इंदौर में मध्यप्रदेश का 69 वें स्थापना दिवस का समारोह अपार उमंग और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने की। समारोह में संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह तथा विधायक गोलू शुक्ला भी विशेष रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुई। मध्यप्रदेश के विकास पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गयी।**

समारोह को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नागरिकों को मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश तेज गति से विकास कर रहा है। प्रदेश में चहुमुंखी विकास के नए आयाम तय किये जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों का आव्हान करते हुए कहा कि सब मिलकर प्रगति, विकास एवं उन्नति के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाये। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश विशेषताओं से भरा हुआ प्रदेश है। मध्य प्रदेश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। गीत, संगीत, कला, साहित्य, खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रदेश की देश में विशेष पहचान है। अपना मध्य प्रदेश अनेक क्षेत्रों में देश में अव्वल है। मध्य प्रदेश ने गेहूं उत्पादन, सिंचाई, जल संरक्षण एवं संवर्धन, स्वच्छता आदि के क्षेत्र में भी देश में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश की हृदय स्थली है। यह प्रदेश देश की धड़कन है। गीत-संगीत कला और साहित्य के माध्यम से अपने प्रदेश ने देश को नयी ऊर्जा दी है।अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे भेंट कर किया गया। समारोह में रागिनी मख्खर के ग्रुप द्वारा गणेश वंदना पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया।इंदौरी आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा देश भक्ति पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गई। सामाजिक न्याय विभाग के कलाकारों ने मध्यप्रदेश के विकास और गौरव गाथा पर आधारित गीत प्रस्तुत किये गए। श्री राजेश गुप्ता ने भी देश भक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं।

## 16 वर्षीय नाबालिग लापता, अपहरण का केस दर्ज

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के डाक बंगला बस्ती में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग की लापता होने का मामला सामने आया है। सहायक उप निरीक्षक पदम सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार देर शाम लगभग सात बजे लेखी कॉलोनी इंडो रामा से परिजनों ने थाने पर आकर बताया कि रविवार सुबह से उनकी 16 वर्षीय नाबालिग लडक़ी लापता है। नाबालिग कक्षा 7वीं की छात्रा है। परिजनों ने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी लडक़ी को आस-पास के घरों में और रिश्तेदारों के यहां तलाश किया। लेकिन उसका कही पता नहीं चला। परिजनों को शक है कि उनकी नाबालिग को कोई व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता की शिकायत पर नाबालिग के अपहरण सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस नाबालिग के घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी तलाश रही है।

# युवती पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक युवती की आरोपी से सोशल मीडिया पर दोस्ती हो गई। इस पर उसने बातचीत शुरू की और साथ में घूमने चलने के लिए दबाव बनाया। जब युवती ने मना कर दिया तो आरोपी ने उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उसकी बहन बीच बचाव के लिए आई तो उसे भी घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को धरदबोचा। पकड़ाए आरोपी पर शहर के विभिन्न थानों में 15 से अधिक अपराध दर्ज हैं। पुलिस को देखकर भागा आरोपी गिरने से आरोपी को हाथ में चोट आई है।**

लसूडिय़ा पुलिस के अनुसार जाह्नवी पिता कालीचरण ठाकुर उम्र 23 साल निवासी 514 बी तुलसीनगर इंदौर ने इलाज के दौरान बताया कि 1 नवंबर 2024 की रात रीतेश अपने चचेरे भाई शुभम राठौर को लेकर मेरे घर आया और मेरे साथ घूमने के लिए जिद करने लगा मैंने व मेरी बहन ने मना किया तो मेरे साथ रितेश मारपीट व झुमाझटकी करने लगा मैंने विरोध किया तो रितेश ने चाकू निकाला व जान से मारने की नीयत से चाकू मारा मैं पलट गई तो वह चाकू मेरी जाँघ में लगा मेरी बहन राजकुमारी बीच बचाव करने आई तो बहन राजकुमारी पर भी चाकू से हमला किया जो राजकुमारी को हाथ में चोट आई फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित कुमार सिंह द्वारा जोन 2 पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह तथा सहायक पुलिस आयुक्त विजयनगर आदित्य पटले को निर्देशित किया गया था इसके पालन में एसीपी महोदय विजयनगर द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई ।

गठित टीम द्वारा फरियादिया से चर्चा कर तथा अन्य तकनीकी साक्ष्य तथा मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी के संबंध में जानकारी लेने पर पता चला कि प्रकरण का मुख्य आरोपी रितेश पालदा इंदौर का निवासी है व आरोपी के विरुद्ध इंदौर शहर के विभिन्न थानों में 15 से अधिक लूट, मारपीट, हफ्ता वसूली, अवैध हथियार रखना जैसे कई गंभीर अपराध पंजीबद्ध है । आरोपी को रासुका में भी निरुद्ध किया जा चुका है व आरोपी थाना भंवरकुआ क्षेत्र का सक्रिय बदमाश है । इसी प्रकार गठित पुलिस टीम को मूखबीर से सूचना मिली कि प्रकरण का वांछित आरोपी रीतेश निरंजनपुर शराब दुकान के पास खड़ा है सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुए टीम निरंजनपुर शराब दुकान के पास पहुंची जहां आरोपी रितेश पुलिस को देखकर सडक़ की तरफ भागा , डिवाइडर पार करते समय गिरने से आरोपी रितेश को दाहिने हाथ की कलाई पर चोट आई आरोपी को गिरफ्तार कर इलाज हेतु तत्काल हॉस्पिटल पहुँचाया गया प्रकरण के अन्य अपचारी बालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## ढाबे में आग लगाने वाले धराए

**इंदौर।** ढाबे पर खाने का बिल मांगा तो रौब दिखाते हुए दो बदमाश पहले तो वहां से चले गए। दूसरे दिन अलसुबह ढाबे पर आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज में आए हुलिए के आधार पर दोनों को पकड़ लिया है। लसूडिय़ा पुलिस ने बताया कि प्रेमसागर पिता कपिलदेव यादव निवासी पिपल्या कुमार कांकड़ ने बताया कि उसका निपानिया चौराहा पर तंदूरी पैलेस ढाबा है। एक नवंबर की अलसुबह साढ़े चार बजे कर्मचारियों ने बताया की ढाबे में आग लग गई है। सूचना मिलती ही मैं तत्काल ढाबे पहुंचा। वहां आग लगने से सामान और फर्नीचर पूरी तरह से जल गया था। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर तीन संदिग्ध युवक बाइक से आते दिखाई दिए थे। मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों पर धारा 326 जी बीएनएस का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। इसी दौरान मुखबीर तंत्र की जानकारी के आधार पर वारदात को अंजाम देने वाले लक्की पिता जयनारायण चौधरी निवासी जुग्गन नगर, करण पिता विजय बोगडे निवासी सांई धाम कालोनी खजराना को एमआर 11 रोड से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ढाबे पर खान खाने गए थे। तभी बिल देने की बात पर झगड़ा हो गया था। इस कारण ढाबे में आग लगा दी। मामले में आरोपियों का साथी विशाल पिता संतोष कटियार निवासी भमौरी सयाजी होटल के पीछे फरार है, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# बकाया टैक्स की वसूली के लिए फिर शुरू होगा अभियान

### 6 नवंबर को अब तक की गई कार्रवाई की होगी समीक्षा, अधिकारियों की बैठक बुलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम बकाया टैक्स की राशि वसूली के लिए फिर से अभियान शुरू करने जा रहा है। अब तक इस दिशा में की गई कार्रवाई की 6 नवंबर को समीक्षा की जाएगी।**



अभियान के तहत जिन लोगों पर संपत्ति कर की राशि बकाया है। उनकी संपत्ति को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को शुरू करने के लिए फिर से आधार तैयार किया जा रहा है। नगर निगम के अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे के द्वारा 6 नवंबर को सभी जोनल कार्यालय के सहायक राजस्व अधिकारी और बिल कलेक्टर की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में इन सभी को पिछले दिनों क्या-क्या कार्रवाई की गई और उस कार्रवाई के माध्यम से बकाया टैक्स की कितनी राशि का संग्रहण किया गया इसकी जानकारी देना होगी। इस बैठक में समीक्षा करने के बाद निगम एक बार फिर से बकाया टैक्स की वसूली का अभियान शुरू कर देगा। इस बार भी हर जोनल कार्यालय को टैक्स की राशि की वसूली के लिए टारगेट दिया जाएगा। उस टारगेट के हिसाब से वसूली के कार्य को अंजाम देना होगा। निगम के द्वारा यह वसूली का अभियान लगातार चलाए जाने के कारण ही निगम के खजाने में थोड़े पैसे आ सके हैं। इस पैसे के दम पर ही निगम अपने ठेकेदारों को दीपावली के मौके पर बकाया बिल के पेटे भुगतान कर सका है।

# जरूरतमंदों के बीच मनाई सार्थक दीवाली

### संजीवनी बाल मित्र केन्द्र ने बांटी मिठाई और गिफ्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दीपावली पर्व की खुशी उस समय सार्थक हो गई, जब छत्रीपुरा स्थित संजीवनी बाल मित्र केन्द्र ने पुलिस के सहयोग से पर्व मनाया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाई खिलाई, पटाखे फोड़े और गिफ्ट बांटे।**

संस्था द्वारा प्रतिवर्ष यह पर्व बच्चों के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में कुसुम शर्मा वेदवंती फाउंडेशन, कृष्णा पुणेकर, राहुल राठौर सहित समाज के कई गणमान्य जनों ने भाग लिया। आयोजन प्रधान आरक्षक संजय राठौर ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने बताया कि दो दशकों में 6000 से अधिक बच्चे केंद्र में अध्ययन कर रोजगार से जुड़ चुके हैं। एडिशनल डीसीपी मुख्यालय सीमा अलावा एवं ललिता राठौर ने पुलिस की इस मुहिम के बारे में जानकर इस योजना की प्रशंसा की। एडिशनल डीसीपी ने केंद्र को और संसाधन उपलब्ध कराकर बच्चों के लिए और सुविधाजनक बनाने की बात कही। केंद्र के सभी बच्चों को मिठाइयां, पटाखे एवं गिफ्ट पैकेट वितरित किए। मुख्य अतिथि ने बच्चों से प्रश्नोत्तर किए। आभार थाना प्रभारी केपीएस यादव, उप निरीक्षक पवन नरवरे, प्रधान आरक्षक संजय राठौर ने माना।

## दुष्कर्म में फरार आरोपी महाराष्ट्र से पकड़ाया

**इंदौर।** डेढ़ साल पहले दुष्कर्म कर फरार हुए आरोपी को लसूडिय़ा पुलिस ने महाराष्ट्र से पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, 28 जून 2023 को पीडित़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शादी इवेंट में काम करती है तभी उसकी मुलाकात राजू से हुई। इसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। शादी की बात कही तो फरार हो गया। मामले में पुलिस ने जम्मू कश्मीर निवासी युवक जीशान पर केस दर्ज किया था। आरोपी को पकडऩे पुलिस टीम जम्मू कश्मीर भेजी गई थी, परन्तु आरोपी वहां नहीं मिला। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी दिल्ली से अजमेर के रास्ते महाराष्ट्र तरफ जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

# एमवाय अस्पताल में शुरू हुई ब्लड कैंसर मरीजों के लिए कार टी सेल थैरेपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शासकीय एमजीएम मेडिकल कॉलेज के एमवाय अस्पताल में ब्लड कैंसर से पीड़ित मरीजों के लिए कार टी सेल थैरेपी शुरू की गई है। दावा देश के किसी शासकीय अस्पताल में पहली बार यह थैरेपी शुरू हुई है। हाल ही में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग और बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट ने बी-सेल एक्यूट लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया से पीड़ित मरीज पर इस थैरेपी का उपयोग किया गया।**



डीन डॉ. संजय दीक्षित ने बताया कि इस प्रक्रिया में मरीज के सफेद रक्त कणों को विशेष मशीन की मदद से एकत्रित किया गया, जिसके बाद जीन में बदलाव कर उन्हें कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और नष्ट करने योग्य बनाया गया।

20 दिन के बाद मरीज को वापस प्रत्यारोपित किया गया। अमेरिका, यूरोप, कनाडा, आस्ट्रेलिया, यूके जैसे देशों में इस थैरेपी की शुरूआत कुछ वर्ष पहले हो चुकी है, जबकि भारत में इस थैरेपी को आईआईटी मुंबई और टाटा मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से विकसित किया गया है। वर्ष 2023 में भारत की केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा इसे व्यावसायिक रूप से मंजूरी दी गई।

### यह कार टी सेल थेरेपी

कार टी सेल थैरेपी एक प्रकार की इम्यूनोथेरेपी है, जिसमें मरीज के टी सेल्स को पुनः प्रोग्राम किया जाता है, ताकि वे कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उनका सफाया कर सकें। इस प्रक्रिया में पहले सफेद रक्त कणों को एकत्र कर टी सेल्स को अलग किया जाता है। फिर, इन्हें एक विशेष रिसेप्टर- चाइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर्स के साथ जेनेटिकली इंजीनियर किया जाता है। यह रिसेप्टर्स टी सेल्स को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने में मदद करते हैं। बाद में इन कार टी सेल्स को नियंत्रित वातावरण में बढ़ाकर मरीज के शरीर में फिर से डाल दिया जाता है, जहां ये कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करते हैं।

# प्रदेश में तहसील और जिलों की बदल जाएंगी सीमाएं

## संभागीय मुख्यालयों से परिसीमन शुरू, चार से छह माह में आयोग की तैयारी पूरी करने का लक्ष्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल,(एजेंसी)। **मध्य प्रदेश में संभाग, जिला, तहसील और विकासखंड की सीमाओं में परिवर्तन का काम संभागीय मुख्यालयों से प्रारंभ होगा। प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग ने इसकी शुरूआत भोपाल, सागर और ग्वालियर संभाग से कर दी है। नवंबर में सभी संभागों में प्रशासनिक स्तर पर एक दौर की बैठक कर ली जाएगी। इसके बाद जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी, जिसमें सीमा परिवर्तन की आवश्यकता को लेकर चर्चा होगी।**

आयोग दावे-आपत्ति आमंत्रित करेगा और फिर अपनी रिपोर्ट शासन को देगा। इसमें प्रक्रिया में एक वर्ष से अधिक का समय लगेगा। बता दें, प्रदेश सरकार ने मार्च, 2024 में प्रशासनिक इकाइयों की सीमा में परिवर्तन के लिए आयोग बनाने का निर्णय लिया था। सेवानिवृत्त आईएएस मनोज कुमार श्रीवास्तव और मुकेश कुमार शक्ला को इसका सदस्य बनाया गया है।

### 4 माह का समय

मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने लक्ष्य दिया है कि चार से छह माह के भीतर आयोग अपनी तैयारी पूरी कर ले। इसे देखते हुए आयोग ने संभागीय मुख्यालयों से दौरे प्रारंभ किए हैं। अभी तक भोपाल, सागर और ग्वालियर संभाग के दौरे किए जा चुके हैं। नवंबर में ही सभी संभागीय मुख्यालयों का दौरा करने के बाद जिला स्तर पर संवाद का कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

### लोगों से भी लिए जाएंगे सुझाव

आयोग को काम करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में स्थान और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। सदस्य मनोज कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि हमने अपना काम प्रारंभ कर दिया है। तीन संभागों में अभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठकें की हैं। सभी संभागों में इस तरह की बैठक करने के बाद जनप्रतिनिधियों से संवाद होगा। सार्वजनिक सूचना जारी करके लोगों से सुझाव लिए जाएंगे और फिर व्यावहारिक पहलुओं को देखते हुए अनुशंसा की जाएगी।

### भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या बनेगी आधार

सूत्रों का कहना है कि प्रशासनिक इकाइयों की सीमा में परिवर्तन का मुख्य आधार भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या को बनाया जाएगा। कुछ तहसीलें ऐसी हैं, जो जिला मुख्यालय से काफी दूर हैं, जबकि दूसरे जिले की सीमा से वे लगी हुई हैं। ऐसी तहसीलों को दूसरे जिले में शामिल करने के साथ नए जिले के निर्माण की आवश्यकता का भी आयोग परीक्षण करेगा। जिले की जनसंख्या के हिसाब से नई तहसीलें भी बनाई जाएंगी। नए विकासखंड बनाने के प्रस्ताव भी भारत सरकार को भेजे जाएंगे।

### दिसंबर के बाद नहीं होगा कोई परिवर्तन

वर्ष 2025 में जनगणना होनी है। इसे लेकर जनगणना महानिदेशालय ने दिसंबर तक प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं को फ्रीज करने के निर्देश दिए हैं यानी इसके बाद जब तक जनगणना का काम पूरा नहीं हो जाएगा कोई नई प्रशासनिक इकाई नहीं बनेगी। यही कारण है कि प्रदेश में सीमा परिवर्तन का काम जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही होगा।

# अब उज्जैन और बुरहानपुर में भी हो सकेगा अंग प्रत्यारोपण, मिली अनुमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन-बुरहानपुर, (एजेंसी)। **प्रदेश में अब तक लोगों को अंग प्रत्यारोपण यानी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए भोपाल, इंदौर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन अब छोटे जिलों में भी यह सुविधा शुरू होने जा रही है। इन जिलों में अंगदान के बाद प्रत्यारोपण हो सकेगा।**

उज्जैन और बुरहानपुर में जल्द ही किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होने जा रही है। इसके लिए वहां के निजी अस्पतालों को स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (सोटो) ने अनुमति जारी कर दी है। इससे पहले रीवा और जबलपुर के अस्पतालों में भी प्रत्यारोपण शुरू हो चुका है।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पिछले माह आयोजित प्रत्यारोपण समन्वयक प्रशिक्षण कार्यक्रम के कारण संभव हो पाया है। यहां प्रदेशभर के सभी जिलों के साथ ही छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात से भी प्रत्यारोपण समन्वयक प्रशिक्षण प्राप्त करने आए थे। इसमें नेशनल ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) के डायरेक्टर डा. अनिल कुमार भी शामिल हुए थे।

**बढ़ेगी अंगदान की प्रवृत्ति-** अधिकारियों ने बताया कि छोटे जिलों में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा होने से अंगदान को बढ़ावा मिलेगा। वहां जो भी ब्रेन डेड मरीज अस्पताल में होंगे, वहां की कोऑर्डिनेटर टीम उनके परिवार के लोगों से चर्चा करेगी। उन्हें अंगदान का महत्व समझाएगी, क्योंकि अब तक ऐसे मरीजों को अंगदान के लिए बड़े शहरों में भेजना पड़ता था।

**नहीं बिकते हैं अंग-** अधिकारियों ने बताया कि लोगों में अभी भी भ्रांतियां हैं कि अंगों को बेच दिया जाता होगा, लेकिन जागरूक होना होगा कि ऐसा नहीं होता है, क्योंकि सभी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज होता है। यहां जो सूची बनती है, उसी के हिसाब से अंगों को दिया जाता है। सूची में जिसका नाम ऊपर है और वह कहीं दूर है तो दूसरे नंबर वाले को अंग दिया जाता है। इसलिए लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक होकर आगे आना चाहिए, ताकि बीमार व्यक्ति को नया जीवन मिल सके।

**इन अंगों का हो सकता है दान-** अगर आप चाहें तो जीवित रहते हुए यह सहमति दे सकते हैं कि मृत्यु के बाद मेरे इन अंगों का दान ले लिया जाए। दान किए जा सकने वाले अंगों में कार्निया, हृदय के वाल्व, हड्डी, त्वचा जैसे ऊतकों को प्राकृतिक मृत्यु के बाद दान किया जा सकता है। हृदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े और अग्नाशय जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों को केवल ब्रेनडेड के मामले में ही दान किया जा सकता है।

# दो लोगों की जान लेने वाले जंगली हाथी का रेस्क्यू

## बांधवगढ़ में मरने वाले 10 हाथियों के झुंड का नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उमरिया, (एजेंसी)। **चंदिया से लगे ग्राम देवरा और बांका बरही में दो ग्रामीणों को कुचलने वाले जंगली हाथी का रेस्क्यू रविवार की दोपहर बाद कर लिया गया। इसके लिए सुबह से ही वन अपना जंगली हाथी की तलाश में जुटा हुआ था। हाथी की तलाश में वन अमले को जमकर मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर सफलता मिली। झुंड से बिछड़े इस जंगली हाथी को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली कोर जोन से रेस्क्यू किया गया है।**

शनिवार की शाम को यह हाथी बांधवगढ़ बफर के ग्राम देवरा के नजदीक एक बार फिर दिखाई दिया था। इसके बाद वन विभाग ने मुनादी करके गांव के लोगों को अलर्ट कर दिया था। यहां से यह जंगली हाथी रात में ही खितौली कोर के जंगलों में चला गया। रविवार की सुबह से वन विभाग ने इस हाथी की लोकेशन पता करने के लिए फिर अभियान चलाना शुरू किया, लेकिन सफलता दोपहर मिल सकी।

### रिहाई का फैसला बाद में

वन विभाग की जिस रेस्क्यू टीम ने इस हाथी को पकड़ने में सफलता पाई है, उसमें बांधवगढ़ के दो दर्जन से ज्यादा कर्मचारी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इस हाथी को जंगल में उस झुंड के पास छोड़ा जाएगा, जिससे यह बिछड़कर चंदिया तक पहुंच गया था।

हालांकि इसकी रिहाई का फैसला बाद में किया जाएगा। हाथियों को पकड़ने के मामले में हाईकोर्ट में लगी एक याचिका में हाल ही में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने जवाब पेश किया था। इस बात को ध्यान में रखते हुए ही सारे निर्णय मध्यप्रदेश वन विभाग के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन में बांधवगढ़ के अधिकारी करेंगे।

### झुंड से बिछड़ा हाथी, मरने वालों के झुंड का नहीं

ग्राम देवरा और बांका बरही में दो ग्रामीणों पर हमला करके उनकी जान लेने वाले इस हाथी को लेकर तरह-तरह की चर्चा शनिवार को होती रही। कुछ लोगों ने बताया कि यहां हमला करने वाले हाथियों की संख्या तीन है जबकि शाम तक स्पष्ट हो गया था कि हाथी सिर्फ एक ही था।

इसी के साथ यह भी साफ हो गया था कि यह जंगली हाथी अपने झुंड से बिछड़ गया था, जिसकी वजह से असामान्य हो गया था और इसलिए इसने दो लोगों पर हमला भी कर दिया था। यह भी साफ हो गया था कि यह वह हाथी नहीं है जो माइको टॉक्सिन संक्रमित कोदो खाने से बीमार हुआ था। यह अलग ही झुंड का अलग ही हाथी है।

### दो लोगों को कुचला

चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम देवरा और छुहाई के निकट दो लोगों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हाथियों के हमले की इस घटना में एक अन्य युवक घायल हो गया है, जिसे उमरिया जिला अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया गया है।

# कार्तिक मास की पहली सवारी आज

## बाबा महाकाल चांदी की पालकी में विराजित होकर करेंगे नगर भ्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन,निप्र। श्री महाकालेश्वर मंदिर से श्रावण-भादौ और दशहरा पर्व के बाद राजाधिराज भगवान महाकाल की कार्तिक एवं अगहन मास की पहली सवारी आज नगर भ्रमण पर निकलेगी। चांदी की पालकी में सवार होकर बाबा महाकाल भक्तो को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सवारी के क्रम में कार्तिक मास में 2 और अगहन मास में भी 2 सवारी निकलेगी। इसके अलावा वैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर भी सवारी गोपाल मंदिर जाएगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर से कार्तिक मास की पहली सवारी आज सोमवार को सायं 4 बजे मंदिर से प्रारंभ होकर गुदरी, बक्षी बाजार,कहारवाडी होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां पर शिप्रा के जल से पूजन-अभिषेक के पश्चात वापसी में सवारी गणगौर दरवाजा,मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर,सत्यनारायण मंदिर,ढाबा रोड, गोपाल मंदिर,पटनी बाजार, गुदरी होते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद कार्तिक मास की दूसरी सवारी 11 नवंबर को तथा अगहन मास की 18 और 25 नवंबर को निकलेगी। वहीं 14 नवंबर को वैकुंठ चतुर्दशी की सवारी महाकालेश्वर मंदिर से गोपाल मंदिर तक जाएगी।

# पति-पत्नी को पीटकर गहने छीने, छह घरों से बाइक भी ले गए नकाबपोश डकैत

## डॉग स्क्वाड की मदद से डकैतों का सुराग जुटा रही पुलिस

बुरहानपुर, (एजेंसी)। **बुरहानपुर जिले के नेपानगर में शनिवार रात तीन बजे के आसपास बदमाशों ने सीमेंट व्यवसायी के यहां डकैती की वारदात को अंजाम दिया है। डकैतों की संख्या बीस से ज्यादा बताई जा रही है। सभी ने अपने चेहरे नकाब से ढंग रखे थे। रविवार सुबह सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच गया था। डॉग स्क्वाड की मदद से डकैतों का सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।**

पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि रात तीन बजे के आसपास डकैत वृंदावन कॉलोनी में रहने वाले सीमेंट व भवन निर्माण सामग्री के व्यवसायी रौनक जैन के घर पहुंचे। घर का गेट कूद कर बदमाश अंदर पहुंचे और चौकीदार को बंधक बना लिया। इसके बाद वे घर में घुसे और रौनक व उनकी पत्नी के साथ मारपीट कर पहने हुए सोने के गहने छीन लिए। इस मारपीट में रौनक को ज्यादा चोट आई है। उसे दस टांके लगे हैं। इसके बाद बदमाश आसपास के घरों में भी पहुंचे और छह घरों से बाइक चोरी कर फरार हो गए। यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, लेकिन डकैतों के चेहरे ढंके होने के कारण उनकी पहचान नहीं हो पा रही है।

### अमरावती हाइवे की ओर भागे

डकैती करने के बाद बदमाश एनीकट होते हुए डवाली-सारोला मार्ग से अमरावती स्टेट हाइवे की ओर भागे हैं। रास्ते में एक बाइक का पेट्रोल खत्म हो जाने पर उसे रास्ते में भी छोड़ गए थे। पुलिस ने उस बाइक को बरामद कर लिया है।

सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहे डकैतों ने हाथ में घड़ी आदि पहन रखी है। उनके पहनावे से वे पढ़े लिखे लग रहे हैं। रविवार दोपहर तक आरोपितों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल का कहना है कि टीमों को रवाना किया गया है। जल्द ही डकैत गिरफ्तार किए जाएंगे।

# मुंबई के श्रद्धालु के सिर पर चढ़ गई भांग

उज्जैन,निप्र। मुंबई के एक भक्त के सिर पर भांग का नशा ऐसा चढ़ा कि उसने शनिवार रात दौलतगंज क्षेत्र में जमकर उत्पात मचा दिया। हाथ में चाकू लेकर वह पहले लोगों को धमकाता रहा और फिर एक रहवासी के घर में घुस गया। बड़ी मुश्किल से उस पर काबू किया गया। वह देर रात तक हंगामा मचाता रहा। दीवाली के बाद बड़ी संख्या में इन दिनों गुजरात और महाराष्ट्र से श्रद्धालु आ रहे हैं। यह बाबा महाकालेश्वर और अन्य मंदिरों के दर्शन कर रहे हैं। बाहर से आने वाले इन श्रद्धालुओं में युवा भी शामिल हैं और उन्हें उज्जैन की भांग आकर्षित कर रही है। मुंबई की निजी कंपनी में काम करने वाले सत्येंद्र पिता रविन्द्र झा और विनय पिता हरिलाल चोरसिया दौलतगंज में भूरी का अड्डा स्थित होटल देवभूमि में ठहरे थे। इन लोगों ने शनिवार रात जमकर भांग का सेवन किया। सत्येंद्र पर इसका नशा कुछ ज्यादा ही चढ़ गया, नशे में वह उत्पात मचाने लगा।

## संपादकीय

# खतरे का तापमान

पिछले कई दशक से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी चिंता का विषय है। इसकी वजह से समूची दुनिया में गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं। मगर विडंबना है कि इस मसले पर ऐसा कुछ भी ठोस नहीं किया जा रहा, जिससे तापमान संतुलन की उम्मीद जगे। उल्टे अब मौसम में उथल-पुथल इस कदर होनी शुरू हो गई है कि जिन महीनों में ठंड की आहट मिलने लगती थी, उनमें तापमान चढ़ा हुआ रहने लगा है, जो आने वाले संकट का संकेत दे रहा है। मसलन, भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, देश में इस वर्ष अक्टूबर का महीना सन 1901 के बाद सबसे अधिक गर्म रहा और औसत तापमान सामान्य से 1.23 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। यानी एक सौ चौबीस वर्षों के बाद पहली बार अक्टूबर के महीने में मौसम में गर्मी इतनी थी कि उसे सामान्य नहीं माना जा रहा है। अनुमान जताया जा रहा है कि नवंबर में भी अगले दो सप्ताह तक तापमान सामान्य से दो से पांच डिग्री ऊपर बना रहेगा। फिलहाल मौसम के उतार-चढ़ाव ने मौसम विज्ञानियों के सामने भी अध्ययन का नया फलक खोल दिया है। हालांकि बताया जा रहा है कि इस बार पश्चिमी विक्षोभ के अभाव और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवात सहित कई निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के बनने से औसत न्यूनतम तापमान ज्यादा दर्ज किया गया। हाल के दशकों में वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के लिए जिन कारकों की पहचान की गई है, उसका हल निकालने को लेकर सक्रियता तो दिखती है, मगर जमीनी हकीकत यह है कि जिन देशों को कार्बन उत्सर्जन के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार माना जाता है, वहां इसमें कमी करने को लेकर कोई उत्सुकता नहीं दिखती। सारी जवाबदेही विकासशील देशों पर थोप दी जाती है। हालांकि यह समस्या केवल एक या कुछ देशों तक सीमित नहीं है। समूचा विश्व इससे प्रभावित है और मौसम की इस अनियमितता को सभी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। मौसम की अपनी गति होती है और उसमें समय-चक्र के मुताबिक तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है, लेकिन अगर वक्त रहते इस संकट से निपटने के उपाय नहीं किए गए तो इसकी मार को झेलना मुश्किल होता जाएगा।

**अर्ज़ किया है..!**

*इस क़दर मत*
*उदास हो जैसे*
*ये मोहब्बत का*
*आख़िरी दिन है*

-इद्रीस बाबर

## OSHO कहिन

**जीवन त्रासदी नहीं है, ये एक हास्य है। जिंदा रहने का मतलब है कि हास्य का बोध होना।**



## सैर सपाटा

# उत्तर प्रदेश की इन जगहों पर छठ पूजा होती है खास

### महापर्व की रौनक देख मन हो जाएगा खुश



छठ पूजा उत्तर भारत के सबसे खास त्योहारों में से एक है। इस त्योहार के दौरान भगवान सूर्य और उनकी पत्नी छठी मैया की भक्ति का जश्न मनाया जाता है। मुख्य रूप से बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लोगों द्वारा मनाए जाने वाले इस चार दिन के त्योहार में उपवास किया जाता है, सूर्योदय और सूर्यास्त के समय अर्घ्य देने का विधआन है। इस महापर्व की रौनक उत्तर प्रदेश की कुछ जगहों पर खास देखने को मिलती है। आप भी जानिए वो जगह कौन-सी हैं।

### वाराणसी

वाराणसी को पहले काशी के नाम से जाना जाता था। ये जगह भारत के सबसे पवित्र शहरों में से एक है और छठ पूजा के दौरान एक फेमस डेस्टिनेशन है। दशाश्वमेध घाट, अस्सी घाट और केदार घाट सहित फेमस घाट पर सूर्योदय और सूर्यास्त अनुष्ठानों के लिए हजारों भक्तों इकट्ठी होते हैं। इस महापर्व के दौरान नदी के किनारे गूंजते भजन और दीयों की टिमटिमाती रोशनी मंत्रमुग्ध कर देने वाली होती है।

### लखनऊ

नवाबों का शहर लखनऊ में छठ पूजा खासतौर से मनाई जाती है। यहां की गोमती नदी के किनारे छठ पूजा के लिए लोग आते हैं। इस दौरान ये जगह छठी मैया के



भजनों से गूंजती है और पारंपरिक डांस के साथ लोग जश्न मनाते हैं।

### प्रयागराज

प्रयागराज भी छठ पूजा के लिए फेमस डेस्टिनेशन है। श्रद्धालु छठ अनुष्ठान करने के लिए त्रिवेणी संगम पर आते हैं। लोगों का मानना है कि यहां अर्घ्य देने से अपार आशीर्वाद मिलता है। इस दिन के लिए यहां के घाटों को लाइट और फूल से सजाया गया है।

### अयोध्या

भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में छठ पूजा के समय सरयू नदी के किनारे लोग पूजा के लिए इकट्ठा होते हैं। शहर का शांत माहौल और सुंदरता छठ पूजा अनुष्ठानों के लिए बेहतरीन है। छठ पूजा के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं।

Uttarakhand

# उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा हादसा, यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिरी; 20 की मौत

**अल्मोड़ा, (एजेंसी)** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। करीब 40 यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिर गई है। गढ़वाल-रामनगर रूट पर सल्ट के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में अब तक करीब 20 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घटना स्थल पर एसडीआरएफ और पुलिस की टीम राहत और बचाव में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह गौरीखाल से एक बस रामनगर के लिए निकली थी। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। सल्ट के कूपी के पास चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते बस गहरी खाई में समा गई। बस के गिरते ही यात्रियों में



चीख पुकार मच गई। हादसे के वक्त कुछ यात्री बाहर गिर पड़े। जख्मी यात्रियों ने सुबह करीब 9 बजे कंट्रोल रूम को सूचना दी। आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताता की सल्ट और रानीखेत से टीमों को घटनास्थल भेजा गया है। उन्होंने 20 यात्रियों के मारे जाने की पुष्टि की। जिस जगह यह हादसा हुआ है वह पौड़ी-अल्मोड़ा सीमा के नजदीक है। यह जगह रामनगर के नजदीक है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जाहिर करते हुए कहा, 'जनपद अल्मोड़ा के मार्चुला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है।

Uttarpradesh

## एक्सप्रेस वे पर धधक उठी दिल्ली से बिहार जा रही बस, यात्रियों में चीख-पुकार



**हाथरस, (एजेंसी)** दिल्ली से बिहार के सुपौल जा रही यात्रियों से भरी डबल डेकर बस में आग लगने की घटना सामने आई है. बादसा उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुआ है. बताया जा रहा है कि दुर्घटना के दौरान यात्रियों और बस चालक-परिचालक ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई.

हादसा हाथरस जिले के थाना सादाबाद क्षेत्र के गांव मिढावली के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर हुआ. जानकारी के मुताबिक दिल्ली के वजीराबाद से एक डबल डेकर बस रात करीब 8 बजे यात्रियों को लेकर बिहार के सुपौल जा रही थी. इस बस में अचानक आग लग गई. जानकारी के मुताबिक आग बस की छत पर रखे हुए सामान की वजह से लगी. आग की लपटों को उठता देख बस में सवार यात्रियों में भगदड़ मच गई. इस बीच यात्रियों ने तत्काल बस को रुकवाया और कूदकर अपनी जान बचाई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं. कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया.

बता दें कि जब तक दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया, तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी. इस दुर्घटना के बाद यमुना एक्सप्रेस वे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक प्रभावित रहा. आग लगने के सही कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

Chhattisgarh

## शराब में सुहागा मिलाकर पिलाया, दो युवकों की मौत, विधवा के साथ दूसरा प्रेमी गिरफ्तार

**जांजगीर चम्पा, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र के बुड़गहन गांव में पुलिस ने हत्या के मामले में एक महिला और उसके नए प्रेमी को गिरफ्तार किया है. विधवा महिला रजनी शांडिल्य और उसके प्रेमी आदित्य ने शराब में सुहागा मिलाकर पुराने प्रेमी रूपेश सांडे और उसके दोस्त शिवा बंजारे को मिलाकर पिलाया. जिसके बाद दोनों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की.**

बलौदा थाना क्षेत्र में 26 अक्टूबर की रात यह घटना घटी, जब महिला रजनी शांडिल्य और उसके प्रेमी बसंत आदित्य ने सुहागा मिलाकर शराब रूपेश को दी. शराब पीने के बाद रूपेश और उसके दोस्त शिवा बंजारे की तबीयत बिगड़ी और दोनों की मौत हो गई इस दौरान एक अन्य युवक सुखसागर, जिसे फोन आने के कारण शराब पीने का मौका नहीं मिला, इस साजिश से बच गया.

New Delhi

## प्रदूषण बेहिसाब...'जहर' वाली धुंधु से अगले दो दिन सावधान, एक्यूआई 400 के पार; लोग हो रहे बीमार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार खराब है। जो सोमवार को और खराब हो गई। कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 को पार कर गया है। जो गंभीर श्रेणी में बदलाव का संकेत है। रविवार को प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी दर्ज किए जाने के बाद यह बात सामने आई।**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, कई निगरानी स्टेशनों ने सुबह आठ बजे एक्यूआई का स्तर 400 से ऊपर दर्ज किया गया है, जिसमें आनंद विहार- 434, वजीरपुर- 414, जहांगीरपुरी- 413, रोहिणी- 409 और पंजाबी बाग में 404 दर्ज हुआ है।



दिल्ली के रहने वाले एक स्थानीय नागरिक मनोज कुमार ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण बहुत सारी समस्याएं हो रही हैं। हमें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। हमें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों और बुजुर्गों को बाहर निकलते समय मास्क पहनना चाहिए।

खेल

# भारत की करारी हार से बीसीसीआई खफा, ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद खत्म हो सकता है दिग्गजों का करियर-रिपोर्ट

**मुंबई, (एजेंसी)** न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीसरा टेस्ट मैच गंवाने के बाद भारत को 0-3 से इस सीरीज में करारी हार मिली। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की इस शिकस्त का सबसे बड़ा कारण बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन रहा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भी घर में सूपड़ा साफ होने के बाद भारतीय टीम से खफा है। अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को इस प्रारूप से संन्यास का एलान करना पड़ सकता है।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह सीरीज भारत के लिए काफी अहम है। फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को अब पांच में चार मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे जबकि एक मैच ड्रॉ कराना होगा। इस बीच समाचार एजेंसी



पीटीआई की रिपोर्ट में खुलासा है कि बीसीसीआई डब्ल्यूटीसी के अगले चक्र की शुरुआत से पहले अनुभवी खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बाहर का रास्ता दिखाने की योजना बना सकती है।

इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन में से कम से कम दो के लिए अंतिम हो सकती है। ये चारों खिलाड़ी अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के आखिरी चरण में हैं। जब रोहित से भारत के टेस्ट भविष्य के बारे में उनके विचार पूछे गए तो उन्होंने कहा, देखिए, मुझे नहीं लगता कि हम इतना आगे की सोच सकते हैं। अगली सीरीज पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है, जो कि ऑस्ट्रेलिया है।

रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बीसीसीआई के दिग्गजों और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित के बीच उम्रदराज खिलाड़ियों के साथ टीम के आगे बढ़ने के बारे में अनौपचारिक चर्चा हो सकती है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'इसका निश्चित रूप से आंकलन किया जाएगा और यह अनौपचारिक हो सकता है क्योंकि टीम 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी। यह एक बड़ी हार है लेकिन ऑस्ट्रेलिया सीरीज करीब है और टीम की घोषणा पहले ही हो चुकी है, इसलिए अभी कोई छेड़छाड़ नहीं होगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'भारत अगर इंग्लैंड में खेल जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं करता है, तो इस बात की काफी संभावना होगी कि इन चारों में से कुछ नाम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में नहीं होंगे। इन चारों ने घरेलू मैदान पर संभवतः एक साथ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल लिया है।' माना जा रहा है कि बीसीसीआई 2011 की कहानी को दोहराने से बचना चाहता है जब टीम के प्रदर्शन में बड़ी गिरावट आई थी।

सिनेमा

## 'सिंघम अगेन' से अजय देवगन को मिला करियर का टॉप वीकेंड कलेक्शन, 3 दिन में ही कमाए 100 करोड़




बॉलीवुड स्टार अजय देवगन का दिवाली धमाका थिएटर्स में लगातार धमाल मचाए हुए है. 10 साल बाद अपनी खुद की कहानी लेकर लौटा उनका सुपरकॉप अवतार सिंघम, जनता को जमकर थिएटर्स तक खींचने में कामयाब रहा. डायरेक्टर रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की लेटेस्ट फिल्म 'सिंघम अगेन' ने वीकेंड में ताबड़तोड़ कमाई की है और अजय के करियर को एक नया टॉप मोमेंट दे दिया है. पूरे कॉप यूनिवर्स को साथ लेकर आई 'सिंघम अगेन' ने अजय देवगन के साथ-साथ डायरेक्टर रोहित शेट्टी को भी टॉप रिकॉर्ड बनाकर दिया है. अजय देवगन के लीड रोल वाली फिल्म में दीपिका पादुकोण, करीना कपूर, टाइगर श्रॉफ और रणवीर सिंह के साथ-साथ अक्षय कुमार भी लंबे कैमियो में नजर आए. इतने सारे स्टार्स के एकसाथ आने से ये तो तय था ही कि फिल्म को धुआंधार शुरुआत मिलने वाली है, लेकिन दिवाली के मौके पर आई इस फिल्म ने पहले ही दिन ऐसा धमाका किया जिसकी आवाज बहुत जोरदार थी. 'सिंघम अगेन' ने शुक्रवार की शुरुआत 43.70 करोड़ रुपये से की, जो अजय के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग है. शनिवार को फिल्म ने हल्का सा जंप लेते हुए 44.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया और फिल्म का कलेक्शन 2 ही दिन में 88 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया.

Highlights

1. 'How do you take care of yourself?' man asks Jaishankar, he says, 'Try to be regular'
2. Video shows policemen beating & pushing Hindus at Canada temple
3. Malik's candidature won't affect Mahayuti's prospects: Praful
4. How does kodo millet, blamed for death of 10 elephants, become poisonous?
5. Ex-BJP MP Gopal Shetty withdraws nomination from Borivali seat

# FSSAI tightens antibiotic residue limits after microbes become resistant, treatments become harder : Report



**NEW DEIHI, (Agency).** The Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) has tightened antibiotics residue norms for meat and meat products, milk and milk products, poultry, eggs and aquaculture, according to an Economic Times report.

This means that the permissible levels of antibiotic residue have been lowered, and more drugs have been placed on the food safety regulator's watch list.

This has been done to tackle the increasing problem of 'superbugs', which are bacteria and fungi that have gone on to develop resistance to antibiotics and other medications due to the overuse of the aforementioned drugs.

This is a huge health threat and India also has one of the highest rates of bacterial or fungal resistance to antimicrobial agents, according to the report.

What are the diseases that are now at risk of being harder to treat because of antibiotic resistance?

The same microbes that cause diseases like urinary tract infections (UTIs), blood infections, pneumonia, and typhoid have developed resistance to commonly used antibiotics, making treatment more difficult, according to an Indian Council of Medical Research (ICMR) report.

However, the newly revised norms will come into effect from April 1, 2025. The current residue limit was set way back in 2011.


"If enforced strictly, the regulations will ensure safer food products for consumers by setting stricter residue and contaminant limits across a variety of food items and help in dealing with antimicrobial resistance," the report quoted George Cheriyan, working president of Consumers Protection Association (CPA), as saying.

Apart from this, the FSSAI also prohibited the use of antibiotics in honey production and has reset the limit of the chemicals ochratoxin A and deoxynivalenol in wheat, wheat bran, barley, rye and coffee, the report read.

# Afcons Infrastructure IPO disappoints, listed at an 8% discount on NSE: See details

**NEW DEIHI, (Agency).** Afcons Infrastructure Ltd was listed at ₹426 on the National Stock Exchange (NSE) and at ₹430.05 on the Bombay Stock Exchange (BSE), both of which are lower than the originally set price band of ₹440-463 per equity share.

The NSE listing has a 7.99% discount from the upper end of the price band and a 3.1% discount from the lower end of the price band while the BSE listing has a 7.6% discount from the upper end and a 2.31% discount from the lower end.




What are the details of Afcons Infrastructure's IPO?

Afcons Infrastructure Ltd is a 65-year-old infrastructure engineering and construction firm belonging to the Shapoorji Pallonji group, having done 76 projects across 15 countries in Asia, Africa, and West Asia.

The company's IPO was between October 25 and 29, raising ₹5,430 crore through fresh shares as well as an offer for sale.

Share allotment was finalised on October 30.

Company employees were given a reservation of 596,659 shares at a discount of ₹44 to the issue price.

# कंटेनर में घुसी कार, युवक की मौत, पांच घायल

## दोस्तों से मिलने आए थे बीटेक स्टूडेंट, भोपाल जा रहे थे

**इंदौर। इंदौर-देवास रोड पर सोमवार अलसुबह स्विफ्ट डिजायर कार कंटेनर में पीछे से घुस गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। जबकि पांच छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी छात्र दिल्ली, नोएडा और मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं और दीपावली के बाद इंदौर में अपने दोस्तों से मिलने आए थे। सुबह इंदौर से भोपाल के निकले थे।**



लसूडिया टीआई तारेश सोनी के अनुसार मृतक छात्र का नाम धैर्य है। घायलों के नाम श्रेयांश सिंह,अभय वर्मा,रोहित पूनिया,विनायक सिंह और मोहित सामने आए हैं। हादसा सुबह करीब 4 बजकर 45 मिनट पर हुआ। देवास नाके के पास एक कंटेनर में उनकी कार जा घुसी। कार की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। घायल छात्रों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

बताया जाता है कि सभी छात्र दिल्ली,नोएडा और मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। छात्रों के परिवार से संपर्क किया जा रहा है। कार और कंटेनर को जब्त कर क्रेन की मदद से थाने पहुंचाया गया है। कंटेनर का ड्राइवर हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सभी वैल्लोर यूनिवर्सिटी आष्टा में बीटेक फोर्थ ईयर के स्टूडेंट हैं। दीपावली की छुट्टी के दौरान सभी विजय नगर में रहने वाले अपने दोस्त राज के पास किराए की कार से आए थे। यह कार विनायक और मोहित ने ली थी। इसके बाद अलसुबह सभी आष्टा जाने के लिए निकले थे।

हादसे में घायल धैर्य भारद्वाज की मौके पर ही मौत हो गई। धैर्य मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। वहीं नोएडा के रहने वाले अभय वर्मा को राजश्री अस्पताल और श्रेयांश को कोकिला बेन अस्पताल में वैंटिलेटर पर रखा गया है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। तीन अन्य छात्र रोहित, विनायक और मोहित का अलग-अलग अस्पताल में उपचार चल रहा है। तीनों के अभी बयान नहीं हुए हैं। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक वह जिस दोस्त राज के पास इंदौर आए थे, हादसे की सूचना पर पुलिस उसके यहां पहुंची। उसे मौके पर लेकर गए। लेकिन दोस्तों को इस हालत में देखने के बाद वह भी बोलने की स्थिति में नहीं है।

# बदला लेने के लिए परिवार ने किया युवक पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दीपावली पर पटाखा फोडऩे की बात पर हुए विवाद के बाद बदला लेने के लिए दूसरा पक्ष बेट और लाठी लेकर आ गया। यहां एक ही परिवार के पांच-छह लोगों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर लिया है।

तिलक नगर पुलिस ने हर्षित लोट (18) निवासी मनोरमागंज की शिकायत पर आरोपी मुकेश सैनी निवासी तिलक नगर, देव सैनी, दर्शन सैनी, अथर्व, विक्की पवार और एक अन्य साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किा है। घटना नित्या होटल के सामने तिलक नगर की है। फरियादी ने बताया कि आरोपी मेरे पड़ोस में रहते हैं। वे लाठी और बेट लेकर मेरे टेंट हाउस के अंदर घुस आए। गालियां देते हुए बोले की तुम लोगों को पटाखें फोडऩे का ज्यादा शौक है। गाली देने से मना किया तो मारपीट करने लगे। आरोपियों ने मेरे सिर, हाथ और कान में जान से मारने के इरादे से हमला किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिलाबदर बदमाश पकड़ाया

**इंदौर**। पुलिस ने जिलाबदर बदमाश को पकड़ा हे, जो जिलाबदर किए जाने के बाद भी क्षेत्र में घूम रहा था। पुलिस उपायुक्त जोन- 02 नगरीय अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 2 नवंबर को कॉम्बिंग गस्त के दौरान असमाजिक तत्वों एवं अद्यतन अपराधियों की चैकिंग की गयी , जिसके दौरान थाना लसुडिया क्षेत्र का अद्यतन बदमाश नगीन पिता नंदलाल बंजारा उम्र 40 साल नि. साल नि. ग्राम पोखरा भीकनगांव खरगोन हा.मु. नैनो सिटी बापू गांधी नगर 3 माह की अवधि के लिये इन्दौर , उज्जैन , देवास , खरगोन, धार की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिये गये थे , परन्तु बदमाश के द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया व थाना लसुडिया क्षेत्र में घूमता पाया गया , जिस पर थाना लसुडिया पर अपराध राज्य सुरक्षा अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी, सउनि सुनील यादव आर आनंद जाट एवं आर आकाश त्रिवेदी का सराहनीय कार्य रहा ।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक